# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नाइजीरिया ने अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित। प्रधानमंत्री ने यह सम्मान देशवासियों को किया समर्पित।
- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर आज शाम थमेगा चुनावी शोर। राजनीतिक दलों ने प्रचार में झोंकी ताक़त। बीस नवम्बर को होगा मतदान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में खाद की उपलब्धता को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक। कहा– किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिये उठायें आवश्यक कदम।
- प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कल जौनपुर में किया चार करोड़ रुपए की परियाजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नाइजीरिया ने कल अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी गणमान्य बन गए हैं। यह पहली बार है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री को नाइजीरिया ने यह सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री तीन देशों की यात्रा के तहत कल नाइजीरिया में थे। वह ब्राजील में आयोजित होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कहा कि नाइजीरिया द्वारा ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत गर्व है। मैं इसे भारत के लोगों को समर्पित करता हूं। यह किसी भी देश द्वारा प्रधानमंत्री को दिया गया 17वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। मोदी से पहले महारानी एलिजाबेथ एकमात्र विदेशी गणमान्य है जिन्हें 1969 में ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर सम्मान प्रदान किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे थम जाएगा। इसके बाद न तो रोड शो होगा और न ही जनसभाएं। ऐसे में सपा, भाजपा और बसपा सहित अन्य प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में जन चौपाल लगाई। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने भी कल मझंवा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। वहीं राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कल अलीगढ़ के खैर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा की और भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की। बाइट......

***सरकार तेजी से काम तो कर ही रही है। मैं तो आपसे बस कहने आया हूँ कि इस काम की गति को बढ़ाकर रखना और कमल और नल एक हो गया।***

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी कल प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार किया और विपक्ष पर वार किया।

उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी कल जमकर चुनाव प्रचार किया। अखिलेश यादव ने अंबेडकर नगर की कटेहरी और मझंवा विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी के लिये जनसभा की। बाइट.....

***पीडी ए और समाजवादियों को जिताने का काम करना यही मैं आप सब से निवेदन करने आया हूँ। मूझे पूरा भरोसा है कि आप सब लोग मिल करके इस चुनाव को जिताने का काम करोगे।***

आज 9 सीटों पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधानसभा सीट पर चार पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलग–अलग क्षेत्र में रोड शो और जनसभा करेंगे।

**********

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में प्रदेश भर की नजरें मैनपुरी की करहल सीट पर लगी हुई हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यहां से जीत दर्ज की थी । वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद यह सीट रिक्त हो गई। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट

**********

*करहल विधानसभा सीट पर वर्ष 1993 से 2022 तक हुए सात विधानसभा चुनावों में छह बार सपा जीती है, जबकि बीजेपी केवल एक बार वर्ष 2002 में जीत हासिल कर पाई है। करहल विधानसभा सीट को सपा का गढ़ कहा जाता है। लेकिन इस बार भाजपा ने सपा के किले में सेंध लगाने की तैयारी पूरी कर ली है। समाजवादी पार्टी से तेज प्रताप यादव चुनाव मैदान में हैं तो भाजपा ने अनुजेश यादव को टिकट दिया है। अनुजेश यादव और तेज प्रताप यादव रिश्तेदार भी हैं। 2019 से पहले तक अनुजेश यादव भी सपा में ही रहे हैं। उनकी पत्नी संध्या यादव 2015 में सपा से जिला पंचायत अध्यक्ष मैनपुरी भी रह चुकी हैं। करहल विधानसभा से कुल सात प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के 3.82 लाख मतदाता 20 नवंबर को इनकी किस्मत का फैसला करेंगे। नीरज कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, करहल, मैनपुरी।*

**********

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार की रात लगी आग की वजह से कल इलाज के दौरान एक और नवजात की मौत हो गई। इसके साथ ही इस घटना में अब मृतकों की संख्या कुल 11 हो गई है। घायल नवजातों का इलाज जारी है हालांकि झांसी के जिलाधिकारी ने बताया कि मृतक बच्चा बीमार था और अग्निकांड में घायल नहीं हुआ था। वहीं सरकार के निर्देश पर जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। उधर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने घटना को लेकर सरकार से जवाब मांगा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रदेश में खाद की उपलब्धता के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मुख्य सचिव, कृषि विभाग के प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। श्री योगी ने कहा कि निजी क्षेत्र से प्राप्त हो रहे उर्वरक को सहकारी समितियों और अन्य सरकारी माध्यमों से किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी कंपनियों से मिलने वाली खाद को उचित मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराना आवश्यक है ताकि उनकी फसल उत्पादन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने खाद वितरण प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक विशेष तंत्र की स्थापना का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अधिकारियों की एक टीम बनाई जाए जो वितरण प्रक्रिया पर नजर रखे और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

**********

प्रदेश के ऊर्जा और नगर विकास मंत्री तथा जौनपुर के प्रभारी मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कल जौनपुर में लगभग 4 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जिले में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य लगातार तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से जोड़ने वाले मुंगरा बादशाहपुर बाजार में जाम की समस्या से निपटने के लिए ओवर ब्रिज बनाने का कार्य किया जाएगा।

**********

केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कल भारत ब्रांड के तहत सस्ते दामों पर बिक्री के लिये आटा, दाल, चावल और भारत प्याज की 30 मोबाइल वैन को बदायूं के एचपी ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री बी०एल० वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार गरीब कल्याण को समर्पित सरकार है।

**********

बिरसा मुंडा की जयंती पर लखनऊ में आयोजित छह दिवसीय जनजातीय भागीदारी उत्सव में बाइस राज्यों से आए लोक कलाकार अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ0 हरिओम ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जनजातीय भागीदारी उत्सव के माध्यम से लोगों को जनजातीय संस्कृति को जानने का मौका मिल रहा है साथ ही सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है।

**********

पवित्र बद्रीनाथ मंदिर के कपाट कल रात वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शीतकाल के लिए बंद कर दिये गये। इसके पूर्व कल 10 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। इस दौरान कई प्रमुख अनुष्ठान हुए और सत्र के समापन के अवसर पर सैकड़ों किलो प्रसाद तैयार किया गया। यह उत्तराखंड के चारधाम यात्रा 2024 का समापन है। मंदिर अब अगले वर्ष अप्रैल–मई में खुलेंगे।

**********

मेरठ के सरुरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कल रात एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि बाइक सवार बिनौली की तरफ से सरधना जा रहे थे।

**********